Title: Need to open a computerised railway reservation counter at Maharajganj, U.P. - Laid.

श्री पंकज चौधरी (महाराजगंज, उ.प्र.) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के जनपद-महराजगंज, उत्तर प्रदेश मुख्यालय पर कम्प्यूटरीकृत रेल आरक्षण न होने से वहां के निवासियों को काफी कठिनाई उठानी पड़ रही है। यह जनपद एक तरफ नेपाल सीमा तथा दूसरी तरफ बिहार राज्य की सीमा पर स्थित है। जनपद मुख्यालय पर प्रदेश तथा केन्द्र सरकार के सभी कार्यालय तथा अन्य कारखाने, विद्यालय, महाविद्यालय आदि है तथा वाणिज्यिक दृटिकोण से भी यह एक महत्वपूर्ण केन्द्र के रूप में उभर रहा है। यहां से भारी संख्या में लोगों का रेल द्वारा आवागमन होता है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि जनता की भारी मांग को देखते हुए जनपद-महराजगंज मुख्यालय पर एक कम्प्यूटरीकृत रेल आरक्षण केन्द्र खोलने की सुविधा प्रदान करें।